
घटना | एन्थ्रेक्स की आशंका ने बढ़ाई वन अमले की चिंता

# बांधवगढ़ में मादा हाथी गायत्री की मौत से हड़कंप

**चिल्हारी, उमरिया।** विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व से एक चिंताजनक खबर सामने आई है, जहां 28 अप्रैल को साढ़े चार वर्षीय मादा कैंप हाथी 'गायत्री' की अचानक मृत्यु हो गई। इस घटना ने वन महकमे के साथ-साथ वन्यजीव प्रेमियों में भी हलचल मचा दी है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मौत से पहले हाथी में दस्त (डायरिया) के लक्षण देखे गए थे, जो बाद में गंभीर रूप लेते हुए मल द्वार से रक्तस्राव तक पहुंच गए। हालात को देखते हुए जबलपुर से विशेष वन्यजीव चिकित्सकीय दल को तत्काल बुलाया गया। चिकित्सकों की प्रारंभिक रिपोर्ट में इस मौत के पीछे एन्थ्रेक्स जैसी खतरनाक बीमारी की आशंका जताई गई है। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए प्रबंधन ने बिना देर किए केंद्र सरकार के प्रोजेक्ट एलीफेंट प्रभाग द्वारा निर्धारित एसओपी लागू कर दी।

### वैज्ञानिक तरीके से किया अंतिम संस्कार

बताया जाता है कि संक्रमण के खतरे को रोकने के लिए मादा हाथी के शव का वैज्ञानिक तरीके से सुरक्षित दहन किया गया, ताकि बीमारी के संभावित प्रसार पर रोक लगाई जा सके। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान क्षेत्र संचालक महेंद्र प्रताप सिंह,एनटीसीए के प्रतिनिधि डॉ. ज्ञानेंद्र प्रजापति, सरपंच सालेहा खान, डॉ. काजल जाधव सहित अन्य अधिकृत प्रतिनिधि मौजूद रहे। वहीं जिला चिकित्सा एवं पशु चिकित्सा अधिकारियों को अलर्ट करते हुए संबंधित लोगों के टीकाकरण और आवश्यक गाइडलाइन के पालन के निर्देश भी जारी किए गए हैं। वन विभाग द्वारा पूरे क्षेत्र में सतर्कता बढ़ाते हुए हालात पर कड़ी नजर बनाए हुए है। गायत्री' की असमय मौत ने जहां एक खालीपन छोड़ा है, वहीं एन्थ्रेक्स की आशंका ने सुरक्षा व्यवस्था को और ज्यादा सख्त कर दिया है।



# 77 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त, 3 आरोपी गिरफ्तार


▸ नशे के खिलाफ डिंडौरी पुलिस का बड़ा प्रहार

**डिंडौरी, नवभारत।** अवैध नशे के कारोबार पर सख्ती बरतते हुए कोतवाली पुलिस ने एक बड़ी और प्रभावी कार्रवाई को अंजाम दिया है। 29 अप्रैल 2026 को मुखबिर से प्राप्त सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने आईटीआई डिंडौरी के समीप भोंदूटोला क्षेत्र में घेराबंदी कर दबिश दी, जहां अवैध शराब की बड़ी खेप को कस्बे में खपाने की तैयारी चल रही थी।

पुलिस टीम ने मौके पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों कुंवर सिंह उर्फ भुरसू पाराशर (28 वर्ष), सचिन शर्मा (46 वर्ष) और सुनील कुशवाहा (43 वर्ष) को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से कुल 77.390 लीटर अंग्रेजी शराब, 52,000 नगद, 4 मोबाइल फोन तथा सिल्वर रंग की ब्रे10 कार (एमपी 20 सीसी1776) जब्त की गई। जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत लगभग 6,25,270 बताई गई है। प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपी लंबे समय से अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त थे और इस खेप को स्थानीय बाजार में खपाने की फिराक में थे। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी सचिन शर्मा और सुनील कुशवाहा के विरुद्ध पूर्व में भी आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज हैं, जबकि मुख्य आरोपी कुंवर सिंह उर्फ भुरसू पाराशर पर पहले से ही 17 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

उल्लेखनीय है कि यह कार्रवाई पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई, जिसका उद्देश्य जिले में अवैध नशे के नेटवर्क पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद नगपुरे के नेतृत्व में पुलिस टीम उप निरीक्षक भूपेंद्र पाठक, सहायक उप निरीक्षक मनमोहन सिंह, प्रधान आरक्षक देवेंद्र पटले, आरक्षक रोहित पटेल, श्याम तिवारी, विशाल पटेल, प्रवेश पटेल, रामसिंह अहिरवार एवं कैलाश द्विवेदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ग्राम पंचायत कुशमहा के सरपंच सचिव भ्रष्टाचार में लिप्त




▸ फर्जी बिल के सहारे शासकीय राशि का किया जा रहा बंदरबांट

**चिल्हारी, उमरिया।** जिले के मानपुर विधानसभा मुख्यालय जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुशमहा में सरपंच सचिव द्वारा सांठगांठ कर भ्रष्टाचार किया गया है जिसकी अब परत दर परत खुलते जा रही है।

मिली जानकारी अनुसार बताया गया कि ग्राम पंचायत कुशमहा के सरपंच सचिव द्वारा आए दिन शासकीय राशि का बंदरबांट करने की जुगत में नित नई योजना बनाने में माहिर हैं इसी क्रम में लक्ष्मी मोबाइल शांप का सहारा लिया गया और मोबाइल रिचार्ज के नाम पर फर्जी बिल तैयार कर करीब आठ हजार रुपए का अवैध तरीके से आहरण करा लिया गया। कुशमहा पंचायत से जुड़े जानकारों की माने तो ग्राम पंचायत में कार्यरत जिम्मेदारों द्वारा मानपुर के किसी भी दुकानदार से मोबाइल रिचार्ज एवं जियो डाटा का रिचार्ज नहीं कराया गया है लेकिन वर्तमान सचिव द्वारा मोबाइल रिचार्ज के नाम पर पांच सौ रुपए प्रति महीने के के हिसाब से करीब सोलह महीने के हिसाब से आठ हजार रुपए का बिल लगवा कर मोटी रकम निकाल ली है जो खुलेआम भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। जानकारों का यह भी मानना है कि उक्त ग्राम पंचायत कुशमहा क्षेत्र चारों तरफ से घनघोर जंगलों से घिरा हुआ है जहां कोई भी जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी जाना मुनासिब नहीं समझते, जिस कारण सरपंच सचिव द्वारा पंचायत क्षेत्र में निर्माण कार्य के नाम पर खुलेआम भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है और अवैध तरीके से शासकीय पैसों का दुरुपयोग कर खुले आम बंदरबांट किया जा रहा है।

**सीईओ से की जांच की मांग**–नवागत सीईओ से जनापेक्षा है कि संबंधित मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए निष्पक्ष जांच कराई जाए और भ्रष्टाचारियों पर कानूनी शिकंजा कसा जाए ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था का डर भ्रष्टाचारियों पर बना रहे।

# पांच माह से वेतन नहीं मिलने पर भड़का आक्रोश

▸ सामूहिक अवकाश पर मनरेगा कर्मचारी, 4 मई से 5 दिन की हड़ताल का किया ऐलान




**डिंडौरी, नवभारत।** जिले में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) से जुड़े संविदा कर्मचारियों का सब्र अब जवाब देने लगा है। लगातार 5 माह से मानदेय न मिलने के कारण नाराज़ कर्मचारियों ने सामूहिक अवकाश पर जाने का बड़ा निर्णय लिया है। कर्मचारियों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो कामकाज पूरी तरह प्रभावित होगा।

कर्मचारियों का कहना है कि वे शासन के निर्देशानुसार लगातार पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं, लेकिन लंबे समय से वेतन न मिलने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। बच्चों की स्कूल फीस, बैंक लोन की किश्तें, मकान किराया और बिजली बिल जैसी बुनियादी जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो गया है। कई कर्मचारियों को मकान मालिकों के दबाव का भी सामना करना पड़ रहा है।

### ज्ञापन के बाद भी नहीं हुई सुनवाई

मनरेगा कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने अपनी समस्याओं को लेकर 13 अप्रैल 2026 को प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वहीं, इसी योजना में कार्यरत ग्राम रोजगार सहायकों को अन्य मद से मानदेय दिए जाने से संविदा कर्मचारियों में और नाराजगी बढ़ गई है।

### उठाई पुनर्विचार की मांग

कर्मचारियों ने पूर्व में जारी पारिश्रमिक कटौती के आदेशों को भी निरस्त करने की मांग की है। उनका कहना है कि पहले से वेतन नहीं मिल रहा है, ऐसे में कटौती के आदेश उनके लिए और भी परेशानी बढ़ाने वाले हैं। 4 से 8 मई तक रहेगा सामूहिक अवकाश नाराज कर्मचारियों ने 4 मई से 8 मई 2026 तक 5 दिवसीय सामूहिक अवकाश (असहयोग आंदोलन) पर जाने की घोषणा की है।

# वन विभाग ने आम समेत अन्य पेड़ों की लकड़ियां पकड़ी, दो गिरफ्तार

**चिल्हारी नवभारत।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा-बफर क्षेत्र में वन विभाग ने सोमवार देर रात लकड़ी तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की है। रात करीब 2 बजे गश्त के दौरान टीम ने जंगल में अवैध लकड़ी ले जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को घेराबंदी कर पकड़ा। सहायक संचालक भूरा गायकवाड़ ने बताया कि नियमित गश्त के दौरान टीम को जंगल के भीतर एक संदिग्ध ट्रैक्टर-ट्रॉली घूमती दिखी। जब उसे रोककर तलाशी ली गई, तो उसमें आम और अन्य पेड़ों की लकड़ियां लदी हुई थीं। मौके पर मौजूद दो लोग लकड़ी के परिवहन से जुड़े कोई भी कागजात नहीं दिखा पाए। इसके बाद लकड़ी को जब्त कर लिया गया, जिसकी कुल कीमत करीब 25 हजार से अधिक आंकी गई है। इस मामले में दिनंश और रामनरेश नाम के दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# साइकिल पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे



▸ शासकीय नवीन हाई स्कूल शहपुरा में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में साइकिल वितरित

**शहपुरा, नवभारत।** शहपुरा के शासकीय नवीन हाई स्कूल में छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर परिषद के पार्षद अनुप गुप्ता और सुरेंद्र साहू सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। व भारतीय जनता पार्टी के राजेंद्र तिवारी, अरुण गुप्ता, प्राचार्य संदीप सोनी सहित गणमान्य नागरिक और स्कूल स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं, जिससे उन्हें स्कूल आने-जाने में सुविधा मिल सकेगी। अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की इस योजना से विशेष रूप से ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों की छात्राओं को शिक्षा से जुड़ने में मदद मिलेगी। जनप्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने और पढ़ाई में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

### अमरपुर में मंडल अध्यक्ष की उपस्थिति में वितरित की गई साइकिलें




अमरपुर नवभारत। शासकीय मॉडल स्कूल अमरपुर में कक्षा 9वीं की छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। जिससे सायकल पाने वाले छात्राओं के चेहरे खिल गए। उपस्थित छात्राओं को मंडल अध्यक्ष आकाश नामदेव ने संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा छात्र, छात्राओं के हित में अनेक प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्हीं में से एक यह सायकल वितरण भी आप को दी जा रही हैं। जिससे आप लोग अपने गांव से आसानी से स्कूल तक आना जाना कर सकते हैं। इसके साथ ही मंडल अध्यक्ष ने सरकार द्वारा छात्र हित में चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं का भी उल्लेख किया। आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुवेश किशोर दुबे, बीआरसी अमरपुर, छात्रावास अधीक्षिका विमला परस्ते सहित समस्त स्कूली स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहे।



# अचानक बदला मौसम, आधे घंटे की तेज बारिश से लोगों को मिली राहत

**शहपुरा, नवभारत।** शहपुरा में अप्रैल माह की तेज तपती गर्मी के बीच मंगलवार शाम अचानक मौसम ने करवट बदल ली। शाम करीब 7 बजे आसमान में घने बादल छा गए और देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई। करीब आधे घंटे तक हुई इस बारिश ने शहरवासियों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत दी। पिछले कई दिनों से शहपुरा के लोग तेज धूप और बढ़ते तापमान से परेशान थे। दिन में तापमान लगातार बढ़ रहा थी, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा था। ऐसे में अचानक हुई इस बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया और लोगों के चेहरे पर राहत साफ नजर आई। बारिश के चलते सड़कों पर पानी भर गया वहीं, कई लोग घरों से बाहर निकलकर ठंडी हवाओं और बारिश का आनंद लेते नजर आए। किसानों के लिए भी यह बारिश फायदेमंद मानी जा रही है, जिससे फसलों को लाभ मिलने की उम्मीद है। हालांकि, मौसम विभाग ने अभी और बदलाव की संभावना जताई है। फिलहाल, बेमौसम बारिश ने शहपुरा के लोगों को झुलसाती गर्मी से बड़ी राहत जरूर पहुंचाई है।

# 2 साल से लापता नाबालिग दस्तयाब



**डिण्डौरी, शहपुरा, नवभारत।** संवेदनशीलता, समर्पण और सतत प्रयासों का परिचय देते हुए डिण्डौरी पुलिस ने 'ऑपरेशन मुस्कान' अभियान के तहत एक और बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार संचालित इस विशेष अभियान में लापता नाबालिगों की तलाश के लिए लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।बता दें कि पुलिस ने करीब दो वर्षों से लापता एक नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर सराहनीय उपलब्धि दर्ज की है। 29 अप्रैल 2026 को पुलिस टीम ने बालिका को उत्तरप्रदेश के जिला शामली अंतर्गत थाना बाबरी क्षेत्र के बंशीखेड़ा से सुरक्षित दस्तयाब किया, जिससे परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। थाना शाहपुर प्रभारी निरीक्षक केवल सिंह परते के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी विश्लेषण और जमीनी स्तर पर लगातार प्रयास करते हुए इस जटिल मामले को सुलझाया।

**दो वर्षों की सतत मेहनत लाई रंग**– लगातार दो वर्षों तक चली गहन जांच, सूक्ष्म पड़ताल और अथक तलाश के बाद पुलिस को यह सफलता मिली है। यह उपलब्धि 'ऑपरेशन मुस्कान' अभियान की प्रभावशीलता और पुलिस की प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण है, जो हर हाल में लापता बच्चों को उनके परिवार से मिलाने के लिए कटिबद्ध है।

**इनकी रही अहम भूमिका**– इस सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी केवल सिंह परते, सहायक उपनिरीक्षक लेखराम परते, सहायक उपनिरीक्षक संतोष वंशकार, प्रधान आरक्षक कोदूराम जोगी, प्रधान आरक्षक मुकेश प्रधान, महिला प्रधान आरक्षक उषा खडसे एवं आरक्षक जगदीश उफानिया का विशेष योगदान रहा।



# ग्राम विकास समिति ने किया नि :शुल्क प्याऊ का शुभारंभ

**चिल्हारी, उमरिया।** जन अभियान परिषद जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला के निर्देशन एवं ब्लॉक समन्वयक महेन्द्र सिंह की पहल से बस स्टैंड चिल्हारी में नि:शुल्क प्याऊ का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। उक्त प्याऊ का शुभारंभ ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष राजर्षि मिश्राके प्रयासों से यह जनहितकारी कार्य संपन्न हुआ। सभी ने इस कार्य को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर सरपंच अरुणा दिनेश कोल, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मूलचंद बर्मन, मंडल मंत्री मोहन कुशवाहा, ग्राम पंचायत सचिव शुभदेश श्रीवास्तव, रमाकांत तिवारी, रामसुहावन सोनी, विकास श्रीवास्तव, प्रशांत सोनी, शिवकुमार यादव, संतोष प्रजापति, इन्ताज मोहम्मद, संदीप काछी, अजय शर्मा सहित समिति के सदस्य पदाधिकारी ग्रामीण क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे।

# पंचायत की कचरा गाड़ी खुद बनी कचरा

**नवभारत, उमरिया।** सामुदायिक शौचालयों के नाम पर अरबों रुपये बहाने के बाद अब उमरिया जिले में कचरा गाड़ियों के खरीद फरोख्त का सौदा दबे कदमों से जारी है। ग्राम पंचायतों में कचरा गाड़ियों के नाम पर भी पानी की तरह पैसे बहाने की प्रक्रिया अपनायी जा रही है। बताया जाता है कि जिले भर में बनाये गये एक एक सामुदायिक शौचालयों में लगभग चार लाख रुपए व्यय करने के बाद भी एक भी शौचालय का प्रयोग नहीं किया जा रहा है, ज्ञात हो कि शौचालयों में न तो पानी की व्यवस्था है और न ही ग्राम पंचायतों में शौचालयों की सफाई कर्मियों की बेहतर व्यवस्था है। वह सरपंचों एवं सचिवों के घरों में कचरा बनी देखी जा सकती है।

मांग | चार मई से सामूहिक अवकाश की दी चेतावनी

# नियम विरुद्ध निलंबन के विरोध में पटवारियों का अल्टीमेटम



**डिंडौरी, नवभारत।** जिले में दो पटवारियों के निलंबन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। कु0 शारदा पारधी और राजेश शर्मा के निलंबन को नियमविरुद्ध बताते हुए जिले के समस्त पटवारियों ने ज्ञापन सौंपकर 3 दिन के भीतर कार्रवाई वापस लेने की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि मांग पूरी न होने पर 4 मई 2026 से सभी पटवारी सामूहिक अवकाश पर चले जाएंगे।

ज्ञापन में पटवारियों ने आरोप लगाया कि लैण्ड रिकॉर्ड डिजिटाइजेशन के तहत क्वालिटी एश्योरेंस कार्य में लापरवाही के आधार पर की गई निलंबन कार्रवाई एकतरफा और अवैधानिक है। उनका कहना है कि इस कार्य के लिए न तो स्पष्ट समय-सीमा बताई गई और न ही किसी प्रकार का प्रशिक्षण दिया गया।

### पटवारियों ने प्रशासनिक प्रक्रिया पर उठाए सवाल

पटवारियों के अनुसार, किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से पहले संबंधित कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस देकर जवाब का अवसर दिया जाना चाहिए, लेकिन दोनों मामलों में यह प्रक्रिया नहीं अपनाई गई। इससे प्रशासनिक प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि शारदा पारधी को यूजर आईडी और पासवर्ड मिलने से पहले ही संबंधित ग्राम का डेटा स्वत: अनुमोदित हो चुका था, जबकि राजेश शर्मा जनवरी 2026 से पैर में फ्रैक्चर के कारण चिकित्सा अवकाश पर हैं। ऐसे में दोनों के खिलाफ की गई कार्रवाई को अन्यायपूर्ण बताया गया है।

### निलंबन आदेश वापस लेने की मांग की

पटवारियों ने कहा कि केवल ऑनलाइन रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करना गलत है, क्योंकि तकनीकी समस्याओं के चलते कई बार रिपोर्ट वास्तविक स्थिति को नहीं दर्शाती। उन्होंने मांग की है कि भविष्य में किसी भी कार्रवाई से पहले सुनवाई का अवसर अनिवार्य रूप से दिया जाए। पटवारी संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि 3 दिन के भीतर निलंबन आदेश वापस नहीं लिया गया, तो 4 मई से जिले के सभी पटवारी काम बंद कर सामूहिक अवकाश पर चले जाएंगे, जिससे राजस्व कार्य प्रभावित हो सकते हैं।